38 .97 लाख की लागत से कलेक्टोरेट में हुई घटिया पुताई

दो माह बाद ही निकलने लगा पेन्ट, वर्षा ऋतु में क्या होगा

नवभारत न्यूज

पन्ना, 18 जून। जब जिले के मुखिया सहित लगभग सभी आला अधिकारी जिस संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में बैठते है जब वहां के कार्य में गड़बडी हो सकती है तो जिले में घटिया कार्य होना आम बात है। हालही में संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन की पुताई का कार्य किया गया, जिसे आकर्षक रूप भवन का दिखने लगा था, लेकिन लगभग दो माह बात ही घटिया अमानक पुताई की पोल खुलने लगी।

कुछ जगहों से पुताई निकलना शुरू हो गया। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में 38 लाख 97 हजार रुपए की लागत से कराया गया रंग-रोगन और मरम्मत कार्य दो माह भी नहीं टिक

पाया और कई स्थानों पर पेंट उखड़ने लगा है। कलेक्टर चेंबर के बाहर ही रंग उखड़ने के स्पष्ट निशान दिखाई देने लगे हैं। संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में पुताई, पेंटिंग और आवश्यक मरम्मत कार्यों के लिए जिला प्रशासन ने 38 लाख 79 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की थी। पीडब्ल्यूडी द्वारा तैयार प्राक्कलन और प्रमुख राजस्व आयुक्त से प्राप्त बजट के आधार पर यह कार्य कराया गया। रंग-रोगन के काम की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी तय की गई थी। कलेक्ट्रेट की नजारत शाखा के प्रभारी अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाकर समय-समय पर निरीक्षण और गुणवत्ता परीक्षण के निर्देश दिए गए थे। साथ ही संबंधित एजेंसी को शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं करने के निर्देश थे। इसके बावजूद अब दीवारों से रंग उखड़ने और सतह के बदरंग होने की स्थिति ने कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

मानकों की अनदेखी

पेंटिंग कार्य में सतह की उचित तैयारी, नमी की जांच और मानक गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग आवश्यक है। जांच होती है तो यह स्पष्ट हो सकेगा कि समस्या निर्माण सामग्री में थी, कार्यप्रणाली में या फिर निगरानी व्यवस्था में कमी रह गई। कलेक्ट्रेट की दीवारों से उखड़ता रंग गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

कृषि योजनाओं के लाभ के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

पन्ना, 18 जून। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कृषि योजनाओं (खरीफ 2026) का लाभ प्राप्त करने के लिए कृषकों से ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की गई है। एमपी किसान एप पर ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। कृषि विभाग में संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं का पंजीयन मोबाइल एप सहित पोर्टल अथवा किसान की सहमति से कॉमन सर्विस सेंटर से भी किया जा सकेगा। अधिक जानकारी के लिए संबंधित विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अथवा कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

महाराज सागर तालाब का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

पन्ना, 18 जून। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार पन्ना नगर के प्राचीन एवं ऐतिहासिक महाराज सागर तालाब के कायाकल्प के लिए निरंतर रूप से विभिन्न गतिविधियां संचालित हैं। 25 दिवस से संचालित तालाब के जीर्णोद्धार कार्य में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा भी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया जा रहा है।

अलग-अलग विभागों के लोकसेवकों द्वारा तालाब परिसर में श्रमदान कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई गई। उल्लेखनीय है कि गत मई माह में गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा शासकीय विभागों के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत महाराज सागर तालाब को गोद लेने की अपेक्षा की गई थी।

इस क्रम में जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा विभागवार विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर दायित्व सौंपे गए तथा समयबद्ध रूप से अपेक्षित सहयोग की मंशा से तालाब को संवारने की दिशा में विभिन्न कार्यों को पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा आज स्थल पहुंचकर अब तक संपादित कार्यों की जानकारी ली गई तथा शेष कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराने के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

चार किलो गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार, मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

पन्ना, 18 जून। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में थाना गुनौर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को 03 किलो 750 ग्राम अवैध गाँजा कीमती करीब 27 हजार रुपये विक्रय करने के उद्देश्य से घर में रखे पाये जाने पर उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर अवैध मादक पदार्थ जप्त किया है।

उक्त संबंध में पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 17 अप्रेल को थाना गुनौर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मन्नीखिरवा निवासी संतोष पाठक अपने घर में बिक्री करने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थ गाँजा रखे हुए है।

मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए स्वतंत्र साक्षियों को साथ लेकर पुलिस टीम द्वारा ग्राम मन्नीखिरवा पहुंचकर दबिश दी गई। मौके पर पुलिस टीम को देखकर संदेही व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने अपना नाम संतोष पाठक पिता शिवकुमार पाठक उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम मन्नीखिरवा थाना गुनौर होना बताया। तलाशी कार्यवाही के दौरान आरोपी के घर के एक कमरे में रखी दो प्लास्टिक की बोरियों से बरसाती एवं पन्नियों में रखा हुआ मादक पदार्थ गाँजा बरामद किया गया। बरामद पदार्थ का परीक्षण एवं तौल कराने पर कुल 03 किलो 750 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) होना पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 27,000 रुपये है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने अपने घर के आँगन में गाँजे के पौधे लगाए थे तथा उन्हीं पौधों को काटकर सुखाकर विक्रय हेतु घर में रखा था। आरोपी के विरुद्ध थाना गुनौर में धारा 08/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

दिव्यांग को 10 साल से किसी भी योजना का नहीं मिला लाभ

नवभारत न्यूज

पन्ना, 18 जून। जिला मुख्यालय की जनसुनवाई में मंगलवार को मानव संवेदनाओं को झकझोर देने वाली एक मार्मिक तस्वीर सामने आई। ग्राम गौरा निवासी पुष्पेंद्र सिंह अपनी दिव्यांग पत्नी को पीठ पर बैठाकर बच्चों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई।

परिवार की पीड़ा सुनकर जनसुनवाई में मौजूद लोग भी भावुक हो उठे। दिव्यांग महिला ने कलेक्टर ऊषा परमार को बताया कि उसका अति गरीबी रेखा एएवाई राशन कार्ड पंचायत कर्मचारियों द्वारा गरीबी रेखा बीपीएल में परिवर्तित कर दिया गया लेकिन आज तक उसे राशन पर्ची नहीं मिली। इसके कारण पिछले 10 वर्षों से परिवार राशन और अन्य सरकारी सुविधाओं से वंचित है। महिला ने बताया कि परिवार को आज तक प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण योजना सहित किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला है। गांव में रोजगार के अवसर नहीं होने से परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं चलने-फिरने में असमर्थ हैं और भोपाल एम्स में किडनी का इलाज करा रही हैं। आर्थिक तंगी के कारण बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। पीड़िता ने सरपंच और सचिव पर उनकी शिकायतों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने पंचायत, जनपद, जिला पंचायत, कलेक्ट्रेट और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तक अपनी समस्या पहुंचाई लेकिन वर्षों बाद भी कोई समाधान नहीं हो सका। अपनी व्यथा सुनाते-सुनाते महिला भावुक हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ऊषा परमार ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए और परिवार को शीघ्र राशन पर्ची उपलब्ध कराने के साथ ही पात्रतानुसार सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।

एक साल में ही उखड़ी सुनहरा की गुणवत्ताहीन प्रधानमंत्री सड़क

नवभारत न्यूज

पन्ना, 18 जून। जिला मुख्यालय पन्ना के समीपी ग्राम सुनहरा मार्ग की सड़क निर्माण कार्य होने के महज एक वर्ष के अंदर ही उखड़ गई है जबकि सड़क की गुणवत्ता के लिए पांच साल की गारंटी निर्धारित है।

सड़क के उखड़ जाने से ग्रामीण परेशान हो रहे हैं किन्तु जिस ठेकेदार द्वारा पांच साल की गारंटी देकर सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था न तो वह ठेकेदार सड़क की मरम्मत और सुधार कार्य के लिए पहुंच रहा है और न ही निर्माण एजेंसी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के जिम्मेदार अधिकारी गारंटी पीरियड की सड़क की मरम्मत और सुधार करवाने को लेकर गंभीर नजर आ रहे हैं, जिससे इस सड़क मार्ग से आवागमन करने वाले ग्रामीणों की नाराजगी बढ़ती जा रही है।

30.45 लाख रुपए की लागत से हुई सड़क की मरम्मत - प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना पन्ना के माध्यम से ग्राम सुनहरा पहुंच मार्ग लंबाई 2.74 किलोमीटर की मरम्मत का कार्य स्वीकृत लागत राशि 30.45 लाख की लागत से किया गया है। सड़क की मरम्मत का कार्य 12 जून 2025 को प्रारंभ होकर कराया गया था। कार्य पूर्णता के साथ ही सड़क की गारंटी का पीरियड 11 जून 2030 की कुल पांच वर्ष के लिए निर्धारित है।

निर्माण में लापरवाही और घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप - पौने तीन किलोमीटर लंबी ग्राम सुनहरा की सड़क की स्थिति इस समय चलने लायक नही रह गई है स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष जून माह में सड़क की मरम्मत का कार्य किया गया था और पहली ही बारिश में ही सड़क की गिट्टी और डामर उखड़कर पानी में तैरने लगा। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में भारी लापरवाही और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। वर्तमान में पूरी सड़क का डामर उखड़ चुका है और सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। सुनहरा गांव एक मुख्य केंद्र है जिससे आस-पास के कई अन्य गांव भी जुड़ते हैं। इस वजह से इस मार्ग पर चैबीसों घंटे भारी आवागमन रहता है। सड़क की हालत इतनी खस्ता हो चुकी है कि आए दिन दोपहिया वाहन चालक इन गड्ढों के कारण दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

आगामी मानसून में बढ़ेगी मुसीबत

आगामी दिनों में बरसात का मौसम शुरू होने वाला है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश और डर है कि यदि बारिश से पहले इस सड़क को दुरुस्त नहीं किया गया तो इन बड़े गड्ढों में पानी भर जाएगा। ऐसी स्थिति में यह मार्ग पूरी तरह से बंद हो सकता है और सुनहरा सहित दर्जनों गांवों का संपर्क तहसील मुख्यालय से कट जाएगा।

अमानगंज में बाढ़ कंट्रोल रूम स्थापित

पन्ना, 18 जून। कलेक्टर कार्यालय के निर्देशानुसार वर्षाकाल के लिए तहसील स्तर पर नगर परिषद अमानगंज कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07731-261225 है। कंट्रोल रूम का प्रभारी सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले 9630748079 को बनाया गया है। साथ ही पृथक-पृथक शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी भी तत्काल प्रभाव से निर्धारित की गई है। सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रामप्रताप पाण्डेय 8349945422 एवं रामचंद्र सोनी, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक जगदीश कोरी 9981486148 एवं मानिकलाल चैधरी 9399894395 तथा रात्रि 10 बजे से सुबह 8 बजे तक जीतेन्द्र तिवारी 7489523006 एवं मनोज बाल्मीक 8839020421 की ड्यूटी लगाई गई है।

राजा शाही जमाने का कैन कठ्टा नस्ल के बैल का बाजार हुआ बंद

नवभारत न्यूज

अजयगढ़, 18 जून। अजयगढ़ में बहुत पुराने समय से राजशाही जमाने से बृहस्पतिवार के दिन साप्ताहिक बाजार लगता है साप्ताहिक हाट बाजार में लोगों की आवश्यकताओं की सामग्री गेहूं दाल चावल खाद्य सामग्री एवं प्रसाधन सामग्री सब्जी फल मसाला आदि के साथ ही बहुत पुराना मशहूर बाजार अजयगढ़ के कैन कट्ठा नस्ल के बैल का भी लगता था जो दूर-दूर तक लोग इस नस्ल के बैल के शौकीन जरुरतमंद किसान बैल खरीदते थे और कृषि कार्यों में उपयोग करते थे।

परंतु किन्हीं कारणों से इस वर्ष अजयगढ़ का बाजार केन कट्ठा नल की बैलों से खाली दिखाई देता है। अजयगढ़ के साप्ताहिक हाट बाजार में सैकड़ो वर्षों से बैलों की बाजार लगती चली आ रही है परंतु पिछले वर्ष कुछ संगठनों द्वारा साप्ताहिक बाजार में बैलों की नगर परिषद द्वारा दी जाने वाली रसीद में हेरा फेरी के आरोप लगाते हुए एवं किसानों का शोषण करने की बात करते हुए विरोध प्रदर्शन किए गए थे जिसके चलते तत्कालीन नगर परिषद के सीएमओ राजेंद्र सिंह द्वारा बैलों का साप्ताहिक हाट बाजार बंद कर दिया गया था। ऐसा नहीं है कि कैन कट्ठा नल के बैलों की पूछ परख काम हो गई हो भले अजयगढ़ का साप्ताहिक बाजार बंद हो गया हो इसके बाद भी कुछ व्यापारी अजयगढ़ आते हैं और तहसील के गांव गांव में जाकर कैन कट्ठा नस्ल के बैलों को खरीदते हैं कुछ ग्राम पंचायत से कुछ चोरी से गाड़ियों में भरवा कर अपने गंतव्य तक ले जाते हैं और कृषि कार्य करते हैं। अजयगढ़ का साप्ताहिक बाजार में केन कट्ठा नल के बैलों की बिक्री न होने के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अजयगढ़ बाजार में बैल के खरीददार किसान बांदा महोबा, राठ,दमोह, सतना, कटनी एवं छत्तीसगढ़ से भी कुछ किसान अजयगढ़ के बैल खरीदने आते थे। बाजार बंद होने से सड़कों में घूम रहे बैलों की अहमियत कम गई है कुछ भी हो अजयगढ़ का सैकड़ो साल पुराना बेल का बाजार फिर से शुरू होना चाहिए जिससे किसानों को कृषि के लिए बैल आसानी से उपलब्ध हो सके।

इनका कहना है

अजयगढ़ का बहुत पुराना बैल बाजार बंद होने से किसानों को बेल खरीदने में जुताई बुबाई कृषि कार्य की परेशानी होती है नगर परिषद से बातचीत करके पुन: अजयगढ़ का बैल बाजार चालू करवाया जाएगा।

सुरेंद्र कुमार तहसीलदार अजयगढ़

शिकवा शिकायतों के चलते अजयगढ़ का बैल बाजार बंद करवाया गया था परंतु किसानों की समस्या को देखते हुए नगर परिषद की आय बढाने के लिए फिर से अजयगढ़ का बैल बाजार शुरू करवाया जाएगा।

सीता सरोज गुप्ता अध्यक्ष नगर परिषद अजयगढ़

मेरी अभी हाल ही में नवीन पद स्थापना हुई है किन कारणों से बैल बाजार बंद हुआ मुझे पता नहीं अधीनस्थ अमले से पता करके पुन: बैल बाजार प्रारंभ करवाया जाएगा।

संजय वाल्मीकि सीएमओ नगर परिषद अजयगढ़

आकाशवाणी की काव्य गोष्ठी में कवियों का हुआ काव्य पाठ हुआ

नवभारत न्यूज

पन्ना, 18 जून। आल इंडिया रेडियो यानि आकाशवाणी अपनी स्थापना की 90 वीं वर्षगांठ वर्ष मना रही है, इसी के साथ ही आकाशवाणी केंद्र छतरपुर अपनी स्थापना की 50 वीं वर्षगांठ मना रहा है। इसी उपलक्ष्य में आकाशवाणी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

आकाशवाणी केंद्र छतरपुर द्वारा विशेष काव्य गोष्ठी रसावरण का आयोजन किया गया। जिसमें काव्य पाठ करने वाले कवियों में पन्ना जिले में पदस्थ आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय, चन्दन, पवई वन परिक्षेत्र अधिकारी नितेश पटेल, रैपुरा वन परिक्षेत्र अधिकारी विवेक जैन, रैपुरा के दुर्रा ग्राम निवासी कवि जसवेंद्र सिंह बुंदेला सम्मिलित रहे। काव्य गोष्ठी का संचालन पन्ना

के ही वरिष्ठ कवि सुरेश श्रीवास्तव सौरभ द्वारा किया गया।

मुकेश पाण्डेय ने अजन्मी की पुकार कविता के माध्यम से कन्या भ्रुण हत्या पर मार्मिक कविता से शुरुआत की, साथ ही प्रेम, विरह और विंध्याचल के जंगलों पर भी अपनी काव्यामय प्रस्तुति दी । नितेश पटेल ने अपनी यथार्थवादी अतुकांत कविताओं के माध्यम से सत्य का परिचय कराया। विवेक जैन ने अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कविता के माध्यम से युवा जीवन के संघर्ष और घर से दूर रहने के दर्द को बखूबी अभिव्यक्त किया।

जसवेंद्र सिंह ने श्रृंगार रस के गीतों से श्रोताओं को सराबोर किया। कार्यक्रम के संचालक सुरेश श्रीवास्तव ने भी वीर रस की ओजपूर्ण कविता से देश के वीरों को श्रद्धांजलि दी। आकाशवाणी छतरपुर केंद्र में रिकॉर्ड हुए इस कार्यक्रम का प्रसारण 20 जून को प्रात: 10 बजे होगा।

किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त का वितरण कल

पन्ना, 18 जून। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत 23वीं किश्त राशि का वितरण शनिवार, 20 जून को होगा। इसे पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाने के निर्देश शासन स्तर से जारी किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पश्चिम बंगाल के हुगली से पीएम किसान की राशि पात्र किसानों के बैंक खातों में अंतरित करेंगे। इस संबंध में कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं जनपद पंचायत सीईओ को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। साथ ही कार्यक्रम में हितग्राहियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। जिला कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश भी जारी किए हैं।

बार-बार ट्रिपिंग, लो-वोल्टेज, बिजली आपूर्ति संकट बना सिरदर्द

नवभारत न्यूज

पन्ना, 18 जून। बिजली विभाग बारह महीने चैबीस घंटे निगरानी एवं मरम्मत कार्य करता रहता है। बारिश के पूर्व विशेष अभियान चलाकर विद्युत लाइनों में सुधार करने के प्रयास किये जाते हैं।

करोड़ों रूपये लाइनों के सुधार एवं मरम्मत में खर्च किये जाते हैं। किन्तु कभी यदि हल्की भी आंधी पानी आ गया तो बिजली की आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हो जाती है। जिसे सुधारने में विभाग को कई महीने लग जाते हैं। उपभोक्ता शिकायतें करता रह जाता है। कोई हेल्पलाइन 1912 में शिकायत करके थक जाता है तो कोई विभाग के अधिकारियों को फोन लगाकर थक जाता है। किन्तु विद्युत आपूर्ति की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता। वर्तमान समय बिजली को लेकर यही चल रहा है। दिन हो या रात कोई समय सुनिश्चित नहीं है कि कब और कितने समय के लिये बिजली बंद हो रही है।

ट्रिपिंग एवं लो वोल्टेज भी समस्या - विद्युत आपूर्ति में ट्रिपिंग की एक गंभीर समस्या है। जबकि इस मामले में प्रदेश सरकार के मंत्री भी विद्युत कंपनियों को निर्देशित कर चुके हैं कि ट्रिपिंग की समस्या को सुधारा जाय। किन्तु जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई असर नहीं हुआ। यही कारण है कि कई बार तो एक घंटे में ही कई बार बिजली ट्रिप कर जाती है। यह भी देखा जाता है कि हेल्पलाइन 1912 में ट्रिपिंग की शिकायत तो दर्ज नहीं होती। बिजली बंद होने की शिकायत तो दर्ज हो जाती है किन्तु ट्रिपिंग की शिकायत को दर्ज करने में भी आनाकानी की जाती है। वहीं रात्रि में यह भी देखा जाता है कि लोवोल्टेज की स्थितियां पैदा हो जाती है। जो पंखे कूलर दिन में तेज गति से चल रहे होते हैं उनकी स्पीड धीमी हो जाती है। इस तरह की स्थितियों से घरों के कई विद्युत उपकरण खराब हो जाते हैं। उपभोक्ता को विद्युत ट्रिपिंग एवं लोवोल्टेज से भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

बंद होने की कोई सूचना नहीं

यह भी देखा जाता है कि हेल्पलाइन 1912 में बिजली के बंद होने की कोई सूचना नहीं दी जाती है। जबकि नियमानुसार यदि कोई लाइन खराब होती है, कहीं कोई सुधार होता है तो उसकी सूचना हेल्पलाइन नम्बर 1912 में दी जानी चाहिये। ताकि शिकायत के समय उपभोक्ता को यह जानकारी प्राप्त हो सके कि किन कारणों से बिजली बंद की गई है और कब उसके सुधार की संभावना है। किन्तु ऐसा प्राय: होता है कि बिना की सूचना के ही बिजली को बंद कर दिया जाता है।

समान नागरिक संहिता के लिए सुझाव आमंत्रित

पन्ना, 18 जून। मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के संबंध में आमजन से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि इस महत्वपूर्ण विषय पर अपने सुझाव अवश्य दर्ज करें।

महिला एवं पुरुष, सभी वयस्क नागरिक अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। नागरिकों का सुझाव प्रदेश की नीति निर्माण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण हो सकता है। पोर्टल पर दिए गए 12 प्रश्नों के उत्तर हां अथवा नहीं में दर्ज करें। इसके पश्चात अधिकतम 400 शब्दों में अपने सुझाव लिखकर सबमिट करें।

सुझाव मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने से संबंधित होने चाहिए।

इष्टाग्राम में बनाया नाबालिग लड़की को दोस्त

फोटो वायरल करने की धमकी देकर हड़पे लाखों के जेवर, मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

पन्ना, 18 जून। आजकल शोसल मीडिया प्लेटफार्म पर ब्लैकमेलिंग एवं साइबर ठगी के मामलें लगातार बढ़ते जा रहे है। एक ऐसा ही मामला पन्ना नगर में प्रकाश में आया है।

जिसमें एक लड़के ने नगर की नाबालिग एक 16 वर्षीय लड़की से इन्स्टाग्राम में दोस्ती की और फिर आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी देकर लाखो रूपये के जेवर ठगी कर लिये। जिस पर पीड़ित छात्रा की मां ने अपनी बेटी के साथ कोतवाली पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 26 मार्च को छात्रा के मोबाइल पर इंस्टाग्राम से एक फ्रेंड रिक्वेस्ट आईडी जिसे छात्रा ने स्वीकार कर लिया। बाद में उस अज्ञात व्यक्ति ने स्वयं को इन्द्रपुरी कॉलोनी निवासी बताया। बातचीत के दौरान अज्ञात व्यक्ति ने छात्रा की आईडी से उसकी फोटो निकाल ली और आपत्तिजनक तस्वीर बनाकर वायरल करने की धमकी देकर पांच लाख रुपए की मांग की। डर और डराने धमकाने के कारण छात्रा ने इतने अधिक पैसे उपलब्ध न होने की बात बताई तब अज्ञात ने घर से जेवर लाने को कहा और फोटो डिलीट करने का वादा किया। छात्रा ने भय के चलते घर से डिब्बी में रखे सोने-चांदी के जेवर पहाड़कोठी पन्ना में उस व्यक्ति को दे दिए।

दो लाख 47 हजार रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को छत्तीसगढ़ से किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

पन्ना, 18 जून। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन पर साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अमानगंज पुलिस एवं साइबर सेल पन्ना की संयुक्त कार्रवाई में 2 लाख 47 हजार रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को ग्राम डुण्डेरा थाना डोगरगढ जिला राजनांद गाँव छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मस्तराम पाल निवासी ग्राम जैतुपुरा, थाना अमानगंज ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका एसबीआई बैंक अमानगंज में खाता संचालित है। बैंक में खाते की जानकारी लेने पर उसे ज्ञात हुआ कि उसके खाते से दिनांक 20 जनवरी 2025 से 20 मई 2026 के मध्य किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन माध्यम से कुल 2,47,000 रुपये की राशि धोखाधड़ीपूर्वक निकाल ली गई है। इस संबंध में फरियादी द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के आधार पर थाना अमानगंज में धारा 318(4), 319(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। एसपी पन्ना

निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं एस.डी.ओ.पी. राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अमानगंज उनि रवि सिंह जादौन नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा जांच में पाया गया कि फरियादी द्वारा बैंक खाते से लिंक मोबाइल नंबर बंद कर दिया गया था, किंतु खाते से उक्त नंबर का लिंक हटवाया नहीं गया था। बाद में वही मोबाइल नंबर किसी अन्य व्यक्ति के नाम आवंटित हो गया। आरोपी ने उक्त मोबाइल नंबर पर गूगल पे सक्रिय कर खाते की जानकारी प्राप्त की और धोखाधड़ी करना शुरू कर दिया। जिस पर आरोपी परमेश्वर कंवर पिता स्वर्गीय विश्वनाथ कंवर, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम डुंडेरा, थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) की पहचान कर उसे दिनांक 16 जून को उसके निवास स्थान से अभिरक्षा मे लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने जियो कंपनी की सिम खरीदी थी। वर्ष 2023 में जब उसने उक्त नंबर पर गूगल पे डाउनलोड किया तो उसमें पहले से ही फरियादी का एसबीआई बैंक खाता लिंक दिखाई दिया, जिसमें पर्याप्त राशि उपलब्ध थी। लालचवश उसने कुछ दिन पूर्व उक्त खाते से कई छोटे-बड़े ट्रांजेक्शन कर कुल 2,47,000 रुपये अपने बैंक खाते में स्थानांतरित कर लिए। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अपराध में प्रयुक्त मोबाइल फोन, सिम कार्ड एवं संबंधित बैंक दस्तावेज जप्त किए गए हैं। प्रकरण की विवेचना के दौरान साइबर सेल पन्ना द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के बैंक खाते में उपलब्ध संपूर्ण धोखाधड़ी की राशि 2,47,000 रुपये को फ्रीज करा दिया गया है।